एन.आई.ओ.एस/शैक्षिक/2021/222/11/हिंदी

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 11

किशोरावस्था और इसकी चुनौतियां

कार्यपत्रक - 11

1. मानव जीवन विभिन्न चरणों के माध्यम से अपनी यात्रा पूरी करता है और सबसे महत्वपूर्ण चरणों में से एक किशोरावस्था है। किशोरावस्था की अवधारणा को सामान्य रूप से और भारतीय सामाजिक व्यवस्था में विशेष रूप से परिभाषित कीजिए।
2. वास्तव में, किशोरावस्था संकट की इन सबसे बड़ी अवधियों में से एक का प्रतिनिधित्व करती है। कम से कम दस बच्चों से बातचीत कीजिए जो किशोर अवस्था में हैं और उन समस्याओं पर एक रिपोर्ट बनाए जिनका वे सामना कर रहे हैं।
3. किशोरावस्था की शुरुआत लड़कियों और लड़कों में जैविक परिवर्तनों से होती है। किशोरावस्था के दौरान होने वाले लड़कियों और लड़कों में से प्रत्येक के लिए दो जैविक परिवर्तनों को सूचीबद्ध कीजिए और समझाएं।
4. "इस प्रकार इस काल की समयावधि मूलतः: एक सामाजिक घटना है।" दिए गए कथन की प्रासंगिकता पर चर्चा कीजिए।
5. किशोरावस्था की शुरुआत, जिसे यौवन के रूप में जाना जाता है, अपने साथ अचानक और मनोवैज्ञानिक रूप से महत्वपूर्ण शारीरिक परिवर्तन लेकर आती है। जबकि इनमें से कई भौतिक परिवर्तन सामान्यतः ज्ञात हैं; अन्य छिपे हुए हैं लेकिन फिर भी महत्वपूर्ण हैं। अपने शारीरिक विकास के बारे में कितना जागरूक हैं, यह जानने के लिए कम से कम दस किशोरों के साथ बातचीत कीजिए। बातचीत के आधार पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।
6. विकासात्मक कार्य से क्या तात्पर्य है ? समझाए। आपके अपने अनुभव और अवलोकन के आधार पर; किशोर काल के कम से कम दस विकासात्मक कार्यों की सूची बनाएं और उनकी तुलना हैवरस्ट की विकासात्मक कार्यों की सूची से कीजिए।

7. "लिंगगत भूमिकाएं" को परिभाषित कीजिए। "लिंगगत भूमिकाओं" पर अपने विचारों और विश्वासों को रखने के लिए अपने आस-पास के किसी भी वृद्ध व्यक्ति का साक्षात्कार कीजिए। "लिंगगत भूमिकाएं" पर उनके विचारों और विश्वासों का समालोचनात्मक विश्लेषण और तुलना कीजिए और एक रिपोर्ट लिखिए।
8. मान लीजिए आप अपने समुदाय में विद्यालय के मुख्य वक्ता हैं। "यौवन और यौन विकास" पर एक वार्ता का आयोजन कीजिए।